



टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज

न्यू यरूशलेम

विश्वभर की चर्च

वर्ल्ड न्यूज़लेटर

पादरी टोनी अलामो | दी अलामो क्रिश्चियन नेशन | वॉल्यूम 20500


# एक मात्र मार्ग

**प्रस्तुति : टोनी अलामो**

ईश्वर ने जिस बीज के बारे में अब्राहम को बताया, वह सभी देशों को आशीर्वाद देगा, उस बीज में अनन्त जीवन है (उत्पत्ति 12:3)। सभी बीजों में अस्थाई अथवा लौकिक जीवन है, लेकिन केवल एक ही बीज ऐसा है जिसमें शाश्वत जीवन है और वह बीज "ईश्वर का वचन है", जो कि यीशु है (लूका 8:11)।[1] यीशु एकमात्र बीज है और वह ईश्वर का वचन नामक बीज बोने वाला भी है (लूका 8:5-15)। हम ईश्वर के मन्दिर और मसीह का शरीर हैं, हम उसकी दुल्हन हैं, आत्मा द्वारा पिता वाले यीशु हमारी आत्मा में हैं, इस प्रकार आत्मा द्वारा हम शाश्वत जीवन का बीज बोने वाले हैं, जो कि फिर से मसीह अर्थात् वचन ही है (युहन्ना 4:36)।[2]



*बाईं ओर 1970 में बपतिस्मा होने वाले नव धर्मपरिवर्तितों के साथ टोनी अलामो*

हमें दुनिया से बाहर के लोग, अर्थात्, चर्च कहा जाता है।[3] एक बार फिर से, बीज, यीशु ईश्वर का वचन है। हम संत, जिन्हें दुनिया से बाहर के लोग कहा जाता है, चर्च - ये सभी जीवन है, शाश्वत जीवन, जो अमरत्व वाला बीज है, एक बार फिर वह ईश्वर का वचन है, जिसमें ईश्वर मानव देह में इम्मानुएल के नाम से हमारे बीच रहा, जिसका मतलब है ईश्वर हमारे साथ है (मत्ती 1:23)।

कुछ मूर्ख लोग कहते हैं, "मुझे मालूम है कि मैं बाइबल को उतना नहीं पढ़ता जितनी मुझे पढ़नी चाहिए" और सोचते हैं कि इस तरह की मूर्खतापूर्ण बातें सोचना एक प्रकार की विनम्रता और सादगी, ईमानदार स्वीकारोक्ति है और इस प्रकार की आलसी बातें कहकर वे कठिनाइयों से बच सकते हैं। यद्यपि, वे केवल स्वयं को शाश्वत रूप से पीड़ा पहुँचा रहे हैं। "सुनने से और ईश्वर का वचन सुनने से आती है," जो कि फिर से स्वयं ही बीज है, यही एकमात्र है जिसमें शास्वत जीवन है (रोमियों 10:17)। वचन ईश्वर है (यूहन्ना 1:1)। ईश्वर शाश्वत है, अत: यदि ईश्वर आपमें वचन के रूप में हैं, तो आप कभी नहीं मरेंगे, यदि आप अंत तक अडिग रहते हैं।[4]

हम पृथ्वी पर जो भी देखते हैं वह ईश्वर के वचन से ही पृथ्वी से पुनर्जीवित हुआ है, इसलिए हम इसे स्पष्ट रूप से देख सकते हैं, विशेषकर हम में से वे लोग जो ईश्वर को जान चुके हैं अथवा कभी उन्हें जानते थे।

"ईश्वर का क्रोध उन लोगों की नास्तिकता और अधर्म पर स्वर्ग से प्रकट होता है जो सत्य को अधर्म से दबाए रखते हैं; क्योंकि ईश्वर के विषय में ज्ञान उनके मन में प्रकट होता है जो ईश्वर ने उन्हें प्रदान किया है। उसके अनदेखे गुणों को सृष्टि बनने के समय से ही स्पष्ट देखा जा सकता है, उसके कामों से उसकी शाश्वत शक्ति एवं देवत्व देखने में आते हैं; अत: वे बिना किसी बहाने के हैं: क्योंकि ईश्वर को जानने के बावजूद भी [पूर्व ईसाई], उन्होंने ईश्वर की प्रशंसा नहीं की और उनका धन्यवाद नहीं किया; परन्तु वे इस हद तक व्यर्थ विचार करते आए कि यहाँ उनके निर्बुद्धि मन में अंधेरा हो गया। वे स्वयं को बुद्धिमान जताकर मूर्ख बन गए और अदृष्य परमेश्वर की महिमा को नाशवान मनुष्य, पक्षियों, चौपायों और रेंगने वाले जन्तुओं की दूषणीय मूरत की समानता में बदल डाला।

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

**1** मत्ती 4:3-4, यूहन्ना 1:1, 14, 1 यूहन्ना 1:1-3, 5:11, प्रकाशित वाक्य 19:13 **2** मरकुस 16:15-16, 1 कुरिन्थियों 1:21-24, 6:19, 2 कुरिन्थियों 5:17-21 **3** यूहन्ना 15:16, 19, 17:6, 14-16, 2 कुरिन्थियों 6:14-18, 1 पतरस 2:9 **4** मत्ती 4:4, 10:22, 24:13, यूहन्ना 5:24, 6:63, 11:26, प्रेरितों के काम 14:22, रोमियों 11:22, कुलुस्सियों 1:22-23, 1 टिमोथि 4:16, 2 टिमोथि 2:1-3, 3:13-17, 4:5, याकूब 5:10-11, 1 यूहन्ना 2:24-25

## एक मात्र मार्ग

(पृष्ठ 1 से जारी)

"इस कारण ईश्वर ने उन्हें उनके मन की अभिलाषा अनुसार अशुद्धता के लिए छोड़ दिया कि वे आपस में अपने शरीरों का अनादर करें: क्योंकि उन्होंने ईश्वर की सच्चाई को बदलकर झूठ बना डाला था और सृजन की उपासना और सेवा की, न कि उस सृष्टा की जो सदा धन्य है। आमीन। इसलिए ईश्वर ने उन्हें नीच कामनाओं के वश में छोड़ दिया: यहाँ तक कि उनकी स्त्रियों ने भी स्वाभाविक व्यवहार को, उसमें बदल डाला जो स्वभाव के विरुद्ध है: उसी तरह पुरूष भी स्त्रियों के साथ स्वाभाविक व्यवहार छोड़कर आपस में कामातुर होकर जलने लगे और पुरूषों ने पुरूषों के साथ निर्लज्ज काम करके अपने भ्रम का ठीक फल पाया।

"और जब उन्होंने ईश्वर को पहचानना नहीं चाहा तो ईश्वर ने भी उन्हें उनके निकम्मे मन पर छोड़ दिया कि वे अनुचित काम करें; इस प्रकार वे सब तरह के अधर्म, व्यभिचार, दुष्टता, लोभ, बुराई करने वाले और वैरभाव से भर गए, डाह, हत्या, झगड़े, छल और ईर्ष्या से भरपूर होकर चुगलखोर बन गए; बदनाम करने वाले, परमेश्वर से घृणा करने वाले, दूसरों का अनादर करने वाले, अभिमानी, डींगमार, बुरी-बुरी बातें बनाने वाले, माता-पिता की आज्ञा न मानने वाले, निर्बुद्धि, विश्वासघाती, भ्रमरहित और निर्दयी हो गए, वे परमेश्वर की यह विधि जानते हैं कि ऐसे काम करने वाले मृत्यु के दण्ड के योग्य हैं, तब भी, वे ऐसे काम न केवल स्वयं करते हैं वरन ऐसा करने वालों से प्रसन्न भी होते हैं" (रोमियों 1:18-32)।[5]

दुनिया अब फिर वैसी हो गई है जैसी यह नोआ के दिनों में हुआ करती थी (उत्पत्ति 6:5-7, मत्ती 24:37-44)। आज की दुनिया के लोगों के मस्तिष्क ने ईश्वर के सत्य को झूठ में बदल दिया है (रोमियों 1:21-25)।[6] ईश्वर का सत्य यही है कि वह ही एकमात्र बीज है जिसमें शाश्वत जीवन है। वे अब वही कह रहे हैं जो वे नोआ के समय में कहते थे कि यह सत्य कि ईश्वर का एकमात्र बीज है जिसमें शाश्वत जीवन है झूठ है और वे सभी पब्लिक स्कूलों में हमारे बच्चों को इस घिनौने, विनाशशील, अति आपत्तिजनक दोष को पढ़ा रहे हैं। क्या यह उनके लिए पर्याप्त नहीं कि वे एक-दूसरे से शादी कर लें। वे हमारे बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं कि ईश्वर का सत्य, एक झूठ है। उन्होंने अपने भीतर दुष्ट आत्माओं (समलैंगिक दुष्ट-आत्माओं) को स्वीकार कर लिया है, ऐसी शक्तिशाली दुष्ट आत्माएँ जो उन्हें संसारिक चीजों की पूजा करने के लिए प्रेरित करती हैं, इस प्रकार वे सृष्टा की अपेक्षा सृष्टि की ज्यादा सेवा करते हैं (रोमियों 1:25)। इसी वजह से ईश्वर ने उन्हें त्याग दिया है। उसने उन्हें घिनौने मोह के लिए त्याग दिया, उनका स्वयं का स्वयं के प्रति घिनौना मोह, जिसे वे बेहद प्यार करते हैं। ईश्वर जानता है कि उन्होंने किस प्रकार उसे और उसके शाश्वत जीवन को नकार दिया है और वे इसके लिए उसके साथ क्रूरतापूर्वक लड़ते हैं, इसलिए ईश्वर अब उनके साथ कोई संबंध नहीं रखता। ईश्वर ने उन्हें त्याग दिया है और उन्हें वे चीजें करने देता है जो वे चाहते हैं, अर्थात् घिनौना मोह! वह उन्हें वह सब करने देता है जो वे करना चाहते हैं - महिला महिला के साथ, पुरूष पुरूष के साथ रहे, लेस्बियन संबंध और समलैंगिकता।

तथापि, ईश्वर का शाश्वत जीवन वाला बीज ऐसी आत्मा में नहीं रहेगा जो भ्रष्ट है, क्योंकि यह ईश्वर के






पास्टर पी. वी. रत्नम ने आंध्र प्रदेश, भारत में पास्टर अलामो का साहित्य वितरित किया

5 उत्पत्ति 19:1-13, 24-25, लैव्यव्यवस्था 18:22, 20:13, व्यवस्थाविवरण 22:5, 23:17-18, न्यायियों 19:22-28, 1 राजा 14:24, 15:11-12, 2 राजा 22:1-2, 23:7, यहेजकेल 16:49-50, रोमियों 1:18-32, 1 कुरिन्थियों 6:9-10, 1 टिमोथि 1:9-10, 2 टिमोथि 3:1-5, जूदास 7, प्रकाशित वाक्य 22:14-15 6 1 टिमोथि 4:1-3, 2 टिमोथि 4:3-4, 2 पतरस 2:1-3

### नाइजीरिया

प्रिय पास्टर टोनी,

यीशु के नाम पर आपको बधाई। मैं आपको यह बताकर बहुत खुश हूँ कि मैंने आपका जो गोस्पेल साहित्य पढ़ा और रेडियो अफ्रीका पर आपका जो कार्यक्रम सुना, उसके माध्यम से मैं पहले से ही ईश्वर का सेवक बन चुका हूँ। आप जिस प्रकार यहाँ ईश्वर के वचन का प्रसारण कर रहे हैं मैं उस तरीके के लिए आपका धन्यवाद करता हूँ। मैंने अभी-अभी धर्म परिवर्तन किया है और चाहता हूँ कि आप मेरे लिए पूरी पवित्र बाइबल भेजें और मसीहा पुस्तक के साथ न्यूज़लेटर भेजें। मैं खो गया था लेकिन पुनः खोज लिया है।

ईश्वर आपकी मिनिस्ट्री को प्रचुरता से आशीर्वाद दें। आपके उत्तर के शीघ्र इंतजार में।

भवदीय,

मोने अकिनवा एण्ड फैमली

सनसाइन स्टेट, नाइजीरिया



सत्य को झूठ में बदल देती है! यह समलैंगिक दुष्ट-आत्मा शक्तिशाली है, लेकिन यीशु, जिसमें शाश्वत जीवन का बीज है, उससे भी अधिक शक्तिशाली है।[7] ईश्वर हमसे शैतान का प्रतिरोध करने को कहते हैं, तब वह हमसे दूर भाग जाएगा (याकूब 4:7)।[8] लेकिन विश्व सरकार कहती है कि यदि हम समलैंगिकता का विरोध करते हैं तो हम नफरत भरा अपराध कर रहे हैं।

यीशु ने वापिस स्वर्ग में जाने से पहले, मृत्यु, नरक, कब्र, शैतान और घिनौनी दुष्ट-आत्माओं पर विजय पाई, लेकिन यदि कोई शाश्वत जीवन को स्वीकार नहीं करता तो उन्हें उनके भ्रष्ट निर्णयों की सजा मिलेगी।[9] उन्हें वही मिलेगा जो प्रतिफल देता है अर्थात् नरक और अग्नि की झील, हमेशा के लिए यंत्रणा। वे नोआ के समय की तरह स्वयं के साथ ऐसा कर रहे हैं (लूका 17:26-30)।

उस शैतान का अनुसरण करना प्रचलन बन गया है, जिसने पूरी दुनिया को धोखा दिया है (प्रकाशित वाक्य 12:9)।[10]

मीडिया और सरकार ईश्वर के वचन को नफरत भरा अपराध बना रहे हैं, लेकिन यह ही एकमात्र जीवन और नरक के दर्द और पीड़ाओं के चिरस्थायित्व और अग्नि की झील से बचने का मैकेनिज्म है। यीशु और उसके लोग ही केवल ऐसे हैं जो आपकी आत्मा की देखभाल करते हैं। अपने भीतर अन्यथा शैतान की आत्मा का स्वभाव न पनपने दें। आप इस प्रकार नहीं जन्मे थे। दुष्ट-आत्मा ने आपके भीतर उस समय प्रवेश किया होगा जब आप बहुत छोटे थे लेकिन यीशु दुष्ट-आत्मा को लोगों से निकाल बाहर कर देते हैं।[11] वह जीवन है और भरपूर जीवन।[12] “मैं इसलिए आया हूँ कि वे जीवन पाएँ और बहुतायत से जीवन पाएँ” (यूहन्ना 10:10)।

यदि मैं आपको यह दिखा दूँ कि इस अनन्त नरकवास से कैसे बचा जाए तो आपको विश्वास हो सकता है कि यह नफरत भरा अपराध है। यहाँ

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

**7** व्यवस्थाविवरण 4:39, 32:39, 1 शमएल 2:6-8, 1 इतिहास 29:11-12, 2 इतिहास 20:6, भजन संहिताएँ 46:1, यशायाह 44:6, 45:23, Jer. 10:10, 18:6, दानिय्येल 4:35-37, यूहन्ना 10:29, प्रेरितों के काम 17:24-26, प्रकाशित वाक्य 1:12-18 **8** मत्ती 4:1-11, रोमियों 12:9, इफिसियों 4:27, 5:3-17, 1 थिस्सलुनीकियों 5:21-22 **9** 1 इतिहास 28:9, अय्यूब 4:7-9, 21:14-20, नीतिवचन 1:22-32, 8:36, 10:25, यशायाह 1:15-20, दानिय्येल 12:2-3, लूका 12:4-9, यूहन्ना 3:16-21, 36, रोमियों 1:18, 1 कुरिन्थियों 6:9-10, जूदास 14-15, प्रकाशित वाक्य 20:11-15, 21:8, 27 **10** मत्ती 24:11-12, 24, 1 टिमोथि 4:1-2, 2 टिमोथि 3:13, 2 पतरस 2:1-3, प्रकाशित वाक्य 13:1-4, 11-15, 14:8, 17:8, 18:2-3, 23

**11** मत्ती 8:16-17, 28-34, 9:32-33, 10:1, मरकुस 1:34, 39, 7:25-30, 9:17-27, 16:9, लूका 11:14 **12** यूहन्ना 11:25-26, 14:6

## कॉन्गो

*(फ्रेंच से अनुवादित)*

विश्व पास्टर टोनी अलामो,

ईसा मसीह शांति प्रदान करें! मैं पास्टर आंद्रे हिलारियों हूँ और आपके न्यूज़लेटर के सर्वाधिक बड़े पाठकों में हूँ। असल में मुझे 2006 में आपके प्रकाशन का पता चला और इसने मेरी मिनिस्ट्री को पूरी तरह बदल दिया। जब मैंने इसे पढ़ा तो पवित्र आत्मा ने मेरी आँखे खोल दीं। इस वजह से, मैं जिस चर्च में पास्टर हूँ, हम सार्वजनिक स्थानों पर साक्ष्य के रूप में “पोप का रहस्य” नामक साहित्य का प्रयोग कर रहे हैं और ईश्वर की कृपा से अब महान कार्य हो रहे हैं। प्रत्येक सप्ताह ऐसी नई आत्माएँ (लोग) इस साहित्य को पढ़ने और स्वीकार करने के बाद पवित्र आत्मा द्वारा स्पर्श की जा रही हैं, इस प्रकार वे नए जीवन की शुरुआत के लिए अपना हृदय यीशु को समर्पित कर रही हैं।

अत: हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप फ्रेंच भाषा में लेखों के साथ हमें नियमित आधार पर और अधिक डाक भेजते रहें ताकि हमें पास्टर टोनी अलामो के साहित्य का वितरण केन्द्र बनने में सहायता मिले।

अन्यथा, पास्टर टोनी अलामो आपका ईश्वर हमारा भी ईश्वर है। आपका मिशन हमारा भी मिशन बन गया है। आपकी लड़ाई भी हमारी लड़ाई बन गई है। हम अग्रिम तौर पर आपका धन्यवाद करते हैं और हम सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आप हमारे लिए और प्रत्येक राष्ट्र के लोगों के लिए आशीर्वाद का माध्यम बनें।
आंद्रे हिलारियों
किंपेसे, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो

## मिसूरी

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

मैं आपकी मिनिस्ट्री और ईश्वर द्वारा आपको प्रदत्त सत्य के रहस्योद्घाटन के लिए बहुत आभारी हूँ। आपने सच में मेरी आँखे खोल दी हैं, ईश्वर में मेरी आस्था मजबूत की है और मुझे शैतान, विश्व सरकार, हमारे विरुद्ध इसके कार्यों, ब्राइड और उसके द्वारा इस खोई हुई दुनिया में अपनाए जा रहे अन्य सभी हथकण्डों से मुझे अवगत करा दिया है।

कृपया आपके पास भेजने के लिए जो भी सामग्री हो, मुझे वह सब भेज दीजिए। मैं पूरी सामग्री पाना चाहता हूँ। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और जीवित ईश्वर आपको और आपकी मिनिस्ट्री को दया और शक्ति के साथ आशीर्वाद प्रदान करें!

कृपया अपनी प्रार्थना सूची में मेरा नाम शामिल कर लें।

क्राइस्ट में,
टेरी बर्मिंघम
कैमरून, मिसूरी

## भारत

प्रिय पास्टर टोनी,

मैं अपना पुराना घर देखने के लिए दस दिन पहले अपने पिता के गाँव सांडीपुड़ी गया। वहाँ ईश्वर में आस्था रखने वाली एक महिला बिस्तर पर लेटी थी। लोगों ने सोचा कि वह मर गई है, लेकिन मैं वहाँ गया और मैंने उसके लिए प्रार्थना की। ईश्वर ने मेरी प्रार्थना सुन ली और वह पूरी तरह ठीक हो गई। मेरे इस कार्य के लिए गली के सभी लोग मेरी काफी इज्जत करते हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा, “यह मैंने नहीं बल्कि यह सब यीशु मसीह ने किया है। आओ हम उनका सम्मान करें और उन्हें आदर दें।”

मेरा यह भी मानना है कि महत्वपूर्ण प्रार्थनाओं ने मेरा उनकी मिनिस्ट्री में भी साथ दिया है। आओ कार्यों और शब्दों से उसकी महिमा बढ़ाएँ।

आप सभी का धन्यवाद। कृपया मेरे लिए और हमारे मिशन के लिए प्रार्थना करें।

उनके प्यार में,
आपका भाई,
राजेश तातापुड़ी
आंध्र प्रदेश, भारत

## एक मात्र मार्ग

(पृष्ठ 3 से जारी)

जीवन छोटा लेकिन अमरत्व लंबा है।[13] लोगों की आत्मा नरक अथवा स्वर्ग में हमेशा के लिए रहेगी।[14] हम सभी मनुष्य हैं। हम सभी को जीवन या मृत्यु, अच्छाई या बुराई, ईश्वर या शैतान को चुनने का अधिकार दिया गया है।[15] जब ईश्वर का भाव (गॉड्स स्पिरिट) आपमें प्रवेश करता है और आप उसे, उसके वचन को रोज प्राप्त करके उस भाव (स्पिरिट) को धारण कर लेते हैं तो आप मृत्यु होने तक उस जीवन को मजबूत करने वाली शक्ति पाने में सक्षम हो जाएँगे। तथापि, इसके लिए पूरा प्रयास किया जाना चाहिए। शैतान मजाक नहीं कर रहा है! वह आपको अपने साथ नरक में और अग्नि की झील में रखना चाहता है।

ईश्वर भी मजाक नहीं कर रहा है। वह कलवारी में क्रूस पर हमारे लिए मरे और उसके बाद वे जीवित हो उठे और स्वर्ग में चले गए ताकि हमें यह बताया जा सके कि वे ईश्वर हैं, वे वह शक्ति हैं जो हमारी रक्षा करती है और अंतिम दिन हमें पुन: जीवित कर सकती हैं।[16]

प्रेम कामुकता नहीं है। प्रेम, ईश्वर की आज्ञाएँ मानना है (1 यहुन्ना 5:3)।[17] यदि आप उनकी आज्ञाओं का पालन करोगे तो आप जीओगे। यीशु ने एक व्यक्ति से कहा कि यदि कोई कहता है कि वह मुझे जानता है (मुझसे प्यार करता है) और वह मेरी आज्ञाओं का पालन नहीं करता तो वह झूठा है और उसमें सत्य नहीं है (1 यहुन्ना 2:4)। "जब उसने ईश्वर को पहचानना नहीं चाहा तो ईश्वर ने भी उन्हें उनके निकम्मे मन पर (उनकी निकम्मी जीवनशैली पर) छोड़ दिया; ताकि वे उस प्रकार के अनुचित काम करें जैसा शैतान उनसे करवाना चाहता है और उनके अंदर उनकी दुष्ट आत्मा भी उन्हें ऐसा करना पसंद करवाना चाहती है (रोमियों 1:28-32)।

मूर्खों को राजा बनने दें और इस दुनिया पर स्वर्ण, दोष, राजनीति और अन्य चीजों से दुनिया पर शासन करने

(पृष्ठ 8 पर जारी)

**13** 2 शमूएल 14:14, 1 इतिहास 29:15, अय्यूब 7:6-10, 8:9, 9:25-26, 14:1-2, भजन संहिता 22:29, 39:4-6, 11, 78:39, 89:47-48, 90:5-6, 9-10, 102:11, 103:14-16, 144:3-4, 146:4, सभोपदेशक 1:4, 3:19-21, 6:12, 12:7, यशायाह 2:22, 40:6-8, 24, 51:12, याकूब 1:10-11, 4:14, 1 पतरस 1:24 **14** यशायाह 66:24, दानिय्येल 12:1-3, मत्ती 25:31-46, मरकुस 9:42-48, यूहन्ना 5:26-29, रोमियों 2:1-16, प्रकाशित वाक्य 14:9-11 **15** व्यवस्थाविवरण 30:14-20, यहोशू 24:14-15, यहेजकेल 18:19-32, 33:11, योएल 3:14, मत्ती 16:24-27

**16** मरकुस 16, यूहन्ना 11:25-26, प्रेरितों के काम 2:29-33, 4:10-12, 1 कुरिन्थियों 15:3-22, 1 पतरस 1:3-5 **17** निर्गमन 20:6, व्यवस्थाविवरण 7:9, 11:1, 13-15, 30:16, यहोशू 22:5, यूहन्ना 14:15, 21, 15:10, 2 यूहन्ना 6

### अरकंसास

प्रिय पास्टर टोनी,

आज मैं अपने एक दोस्त `ए बॉर्न एगेन क्रिश्चियन` के साथ था। हम एक अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए इक्ट्ठा थे। जिसकी मृत्यु हुई थी वह एक मिनिस्टर था। मृत्यु से पहले उसका बयान था कि वह जहाँ कहीं भी जाएगा, चाहे वालमार्ट हो, ड्रगस्टोर हो अथवा गली हो, वह लोगों से कहेगा, "क्या आप जानते हैं कि यीशु मसीह आपका व्यक्तिगत रक्षक है? क्या आप ईश्वर के साथ हैं?" वह जहाँ कहीं भी जाता, ऐसा ही करता, लोग आश्चर्य करने लगते कि वह ऐसा क्यों कर रहा है।

उसे दफनाने के समय उसकी बेटी खड़ी हुई और बोली, "मैं आप सभी को अपने पिता के बारे में एक कहानी बताना चाहती हूँ। जब मैं लगभग 13 साल की थी तो मैं आमतौर पर उनके साथ जाया करती थी, वे जहाँ कहीं भी जाते लोगों को रोककर पूछते कि क्या वे यीशु के साथ हैं अथवा वे कहते, 'क्या आप जानते हैं कि यीशु मसीह आपके व्यक्तिगत रक्षक हैं?' कई बार मुझे लगता कि वे कुछ ज्यादा ही कर रहे हैं। वे प्रत्येक व्यक्ति से यही बातें करते और यह उनका एक निरंतर कार्य था।"

"एक दिन हम कार में बैठे थे और मैंने कहा, 'डैड आप हर किसी को यीशु के बारे में क्यों बताते हैं?' मेरे डैड ने कहा, 'बेटी मैं तुम्हें एक कहानी बताता हूँ। जब मैं 17 साल का था तो मुझे एक सपना आया और मैं इस सपने में मर गया और स्वर्ग में चला गया। यह बहुत ही सुंदर स्थान था। तब वे मुझे स्वर्ग के किनारे ले गए और मैंने नरक की ओर देखा। मैं नरक में पड़े लोगों को देख सकता था और वे हाथ उठाकर मुझ पर चिल्ला रहे थे, "आपने हमें क्यों नहीं बताया! आपने हमें क्यों नहीं बताया! आपने हमें क्यों नहीं बताया!" मैं उन लोगों को जानता था। मेरा सपना टूट गया था और मैं फिर से वापिस धरती पर था और इसलिए मैं प्रत्येक व्यक्ति को ये बाते बताता हूँ।"

मेरे मित्र ने कहा कि टोनी अलामो के साहित्य की वजह से यह उसे हमारी याद दिलाता है, क्योंकि हम जहाँ कहीं भी जाते हैं, हम हमेशा इस साहित्य को वितरित करते हैं। उन्होंने कहा कि पास्टर टोनी अलामो वर्षों से लोगों को चेतावनी दे रहे हैं।

प्रभु की प्रशंसा करो,

ब्रादर टॉम्मी

### कीनिया

हैलो पास्टर टोनी अलामो,

मैं आपकी दिखाई गई चिंता के लिए आपका कायल हूँ। मैं आपके न्यूज़लेटर "आई फाउंड जीसस ऑन टोनीज वेबसाइट" से कृतार्थ हुआ। मैंने लेख पढ़ा और न्यूज़लेटर पर माफ़ी के लिए प्रार्थना की। मैंने अपने पापों के लिए दिल से पश्चाताप किया, असल में मैंने ईश्वर की निंदा करते हुए दुनिया में जो समय गँवाया, उसके लिए पश्चाताप करते हुए मैं रोने लगा! मुझे महसूस हुआ की पापों के भार से मुझे मुक्ति मिल गई है। वास्तव में हल्का और स्वतंत्र महसूस कर रहा हूँ। सच में, मैं इस आनंद का मजा नहीं ले पा रहा था, पापों को भुला देने का आनंद, क्राइस्ट में जीने का आनंद। मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए मैंने ईश्वर का धन्यवाद किया और प्रार्थना की कि इस आध्यात्मिक यात्रा में पवित्र आत्मा मेरा मार्गदर्शन करे। अब, मैं इस आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत करने वाला हूँ। कृपया मेरा मार्गदर्शन करें कि कैसे अच्छा कार्य किया जा सकता है और कैसे शैतान और उसके झूठ को शर्मिंदा किया जा सकता है। एक बार फिर मैं आपकी मिनिस्ट्रीज के लिए आभारी हूँ क्योंकि जहाँ तक धर्म की बात है, वे सभी कुछ प्रदान करती हैं। ईश्वर आपको और आपकी मिनिस्ट्री को प्रचुरता से आशीर्वाद दें।

सारा टेरी

बंगोमा, कीनिया

हम इलोकानो (उत्तरी फिलीपींस में बोली जाने वाली भाषा) अनुवाद पर काम कर रहे हैं, और अनुवादकों में से एक युवा अनुवादक का पालन-पोषण पेंटेकोस्ट के रूप में हुआ था, उसने अपनी पढ़ाई थीऑलजिकल सैमिनरी से पूरी की और वह बच्चों के एक बाइबल स्कूल में पढ़ाते हैं। उनकी चर्च के पास 50 अन्य चर्च हैं जो उत्तरी फिलीपींस में फैली हैं और प्रत्येक चर्च का अपना पास्टर है। वर्तमान में वह अमेरिकन बाइबिल सोसायटी के साथ कार्य कर रहे हैं और बाइबल की प्रत्येक पुस्तक के लिए `बाइबल हेल्प्स` का अनुवाद कर रहें हैं।

उसने हमें बताया कि जब उसने "The Pope's Secrets," "Fugitive Pope," "Jesus Said that Satan Would have a Church and Government," और "The Queen of Whores," के कॉपीराइट्स देखे तो उसने पाया कि ये 80 और 90 के दशक के थे। उसने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पास्टर अलामो ने इन तथ्यों के बारे में इतना पहले लिख दिया था और उस समय ये किसी को सच नहीं लगते होंगे, लेकिन अब आप इन्हें आसानी से देख सकते हैं। पास्टर अलामो इन चीजों के बारे में पहले जानते थे और उन्होंने हर किसी को चेताने के लिए इन्हें लिखा था।

उसने बताया कि फिलीपींस इतना बड़ा कैथोलिक देश है कि आप किसी के सामने भी प्रभु की बात नहीं कर सकते, लेकिन वितरण के लिए साहित्य मँगाने के लोगों के पत्र पढ़कर और `पीपल विटनेसिंग` के बारे में पढ़कर, उसने उन प्रत्येक साहित्य की सौ प्रतियों के लिए अनुरोध किया है जिसके अनुवाद में उसने मदद दी है ताकि वह उनको वितरित कर सकें। उसने कुछ *मसीहा* पुस्तकों का भी ऑर्डर दिया है। उन्होंने कहा, "मैं बाइबल सोसायटी के लिए अनुवाद करता हूँ लेकिन यह आत्मा को जीतने वाला है।" उसने कहा कि वह इसका हिस्सा बनकर बहुत गौरवान्वित महसूस करता है और वह अपनी कक्षाओं में इस साहित्य का उपयोग करता है। उसने कहा, "मैं सेमिनरी में काम करता हूँ और मेरे अंदर सेमिनरी की भावना है, लेकिन यह साहित्य वास्तविक और गंभीर है। मैं अपने जीवन में इस समय घटित हो रही घटनाओं की गंभीरता देख सकता हूँ।"

---

स्वाहिली भाषा की अनुवादक तीन बच्चों की माँ है और उनके पति एक पास्टर हैं। उसने कहा कि वह ईमानदारी के साथ कह रही है कि पोप के बारे में विभिन्न प्रकार के साहित्य पर काम करते हुए उसने सोचा कि पोप और कैथोलिक चर्च के विरुद्ध लगाए गए कुछ आरोप अतिशयोक् और बढ़ाचढ़ा कर लगाए गए हैं। उसने कहा कि वह जानती है कि कैथोलिज्म एक मिथ्या सिद्धांत है, इसलिए जब तक लोग इससे पलटते हैं तब तक इन संदेशों की सत्यता का कोई महत्व नहीं है। लेकिन अभी भी उसने इसमें विश्वास नहीं किया।

उसने कहा कि एक रात उनके पति साहित्य पढ़ रहे थे और उन्होंने पूछा, "आपने इनका ऑर्डर क्यों दिया?" उसने उससे कहा, "ताकि जब मैं बच्चों को लेकर पार्क में जाऊँ तो इन्हें लोगों को दे सकूँ।" उन्होंने तत्काल कहा, "बिल्कुल नहीं! आप इन्हें अपने पास रखेंगी! आप इन्हें लोगों को नहीं दे सकती! यह सत्य है! हमें इन्हें पढ़ना है!" उन्होंने कहा, "मैं बाइबल कॉलेज गया और इन चीजों को पढ़ाया जाता है, इनका दस्तावेजन किया जाता है और यहाँ लिखी प्रत्येक बात सत्य है।"

उसने कहा कि उसने उसकी ओर देखा और अपने मन में कहा, "आप वर्षों पहले बाइबल कॉलेज गए थे और आप जानते थे कि ये बातें सत्य हैं। आपने अथवा कॉलेज ने लोगों को चेताने के लिए क्या किया? आप दोनों ने ही इस बारे में कहीं कुछ नहीं किया। यह आदमी (पास्टर अलामो) ईश्वर के बारे में बोलने के लिए जाना जाता है क्योंकि कोई अन्य ऐसा नहीं करता अथवा करेगा।" उसने कहा, "अब मैं इसमें विश्वास करती हूँ और मैं उन लोगों से नफरत करती हूँ जिन्होंने सच्चाई को बताया नहीं बल्कि इसे दबा कर रखा।"

---

स्वीडिश अनुवादक का पालन-पोषण प्रोटेस्टेंट के रूप में हुआ लेकिन कई वर्षों तक उसका चर्च, धर्म अथवा ईश्वर से कोई लेनादेना नहीं था। वह एक राजनैतिक कार्यकर्ता है और वह स्वीडन की सरकार के गलत कामों के विरुद्ध संघर्ष करता है। वह राजनैतिक ब्लॉग लिखता है और कान्फ्रेंस करता है और साथ ही साहित्य का अनुवाद भी करता है। वह अपनी धारणाओं को लेकर बिल्कुल आश्वस्त है, लेकिन मसीहा पुस्तक का एक उद्धरण पढ़ते समय जब उसने पढ़ा कि, "भीड़ चिल्लाने लगी, 'उसे सूली पर चढ़ा दो, उसे सूली पर चढ़ा दो'" तो वह रोने लग गया।

उसने हमें बताया, "मैंने षड़यंत्र संबंधी विभिन्न कहानियाँ पढ़ी, लेकिन मैंने कभी किसी को इन सभी को इस प्रकार वेटिकन से जोड़ते हुए नहीं देखा। यह अद्भुत है। मैं भी ऐसा करना पसंद करता हूँ। आप सभी ने मुझे प्रभावित करना शुरू कर दिया है। मैं अपना ब्लॉग लिख रहा था और मैंने पाया कि मैं प्रकाशितवाक्य का उद्धरण दे रहा हूँ।"

---

सर्बियाई अनुवादक, जिनके पास इतिहास में स्नातक की डिग्री है, ने कहा कि इसका हिस्सा बनना बहुत अधिक रोमांचित कर देने वाला है। उसने कहा कि सर्बिया का इतिहास काफी अधिक हत्याओं के साथ धार्मिक उत्पीड़न वाला रहा है और पास्टर अलामो इस धार्मिक उत्पीड़न के शिकार रहे हैं और फिर भी इसके विरुद्ध बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अधिक रोमांचक है।

## नाइजीरिया

प्रिय अलामो मिनिस्ट्रीज,

हमारे सौभाग्यशाली लॉर्ड और रक्षक यीशु मसीह के नाम पर आपको बधाई। टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्ड न्यूजलेटर नाइजीरिया के इगोदान लिसा टाउन के जीवन को बहुत अच्छे से बदल रहे हैं। इस न्यूजलेटर का अभिषेक बहुत ही महान है। इसने ईश्वर की चीजों को समझने में मुझे नए स्तर पर ले जाकर मेरे आध्यात्मिक जीवन के उत्थान में सहायता की। आपके वितरक ने मुझे "अर्थक्वेक" नाम का एक न्यूजलेटर दिया। मैंने इस अवसर का अन्य लोगों तक इस न्यूजलेटर को वितरित करने के लिए उपयोग किया और उन लोगों ने यीशु को अपने व्यक्तिगत प्रभु के रूप में स्वीकार कर लिया। ईश्वर की प्रशंसा करें।

मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप हमें ये न्यूजलेटर और अधिक मात्रा में भेजें, ताकि इनसे हमें आत्माओं पर विजय प्राप्त करने में मदद मिल सके। ईश्वर आपके कार्य को आशीर्वाद प्रदान करें। धन्यवाद।

क्राइस्ट में आपका,

जसौ इमामु — ओन्डो स्टेट, नाइजीरिया

## न्यूयार्क

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

मैंने न्यूयार्क सिटी के सबवे में आपका न्यूजलेटर प्राप्त किया और यह मुझे उस समय मिला जब मुझे इसकी सबसे अधिक जरूरत थी। आपके साहित्य में दी गई जानकारी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है।

मैं आपकी पुस्तक *मसीहा,* 100 न्यूजलेटर और संदेशों की CD प्राप्त करना चाहता हूँ।

धन्यवाद,

एरिक एफ़ — रहीनेबेक, न्यूयार्क

# हीलिंग टेस्टमनी

*(पुर्तगाली भाषा से अनुवादित)*

27 अक्तूबर, 2014

मेरा नाम पास्टर इसाक रॉबर्टो है। मैं ब्राजील के पराने राज्य के लॉन्ड्रिना से हूँ और मैं इस ई-मेल के माध्यम से कुछ बातें बताना चाहता हूँ। मैं 15 साल से लॉन्ड्रिना में एक पादरी हूँ। तीन साल पहले, मेरा परिवार एक दुःखद लेकिन बड़ी घटना से आहत हुआ था।



24 जुलाई 2011 को हमारी बेटी बीअत्रिज़ गैबरिएला को (सात वर्ष की आयु में), एक गंभीर दुर्घटना का सामना करना पड़ा, जब वह एक क्रासवॉक पार कर रही थी तो एक टैक्सी ड्राइवर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर का प्रभाव इतना जबरदस्त था कि जाँचकर्ताओं के अनुसार, वह लगभग 21 फीट दूर जाकर गिरी। मैं उसकी ओर भागा। वह साँस नहीं ले रही थी, मुझे याद है कि मैं चिल्लाया, "कोई मदद के लिए फोन करो!"

जब मैंने उसकी ओर दुबारा देखा, तो मैंने एक मोटरसाइकिल देखी और एक आवाज सुनी, "मैं मदद करूँगा। मैं एक दमकलकर्मी हूँ।" उस समय ईश्वर ने पहला मददगार भेज दिया था। उसने बीअत्रिज़ को पीठ के बल लिटाया और CPR किया और उसे खूनयुक्त खाँसी आई। मदद पहुँच चुकी थी और वे एम्बुलेंस के अंदर उसकी देखरेख कर रहे थे। मैंने प्रार्थना शुरू कर दी। शैतान मेरा विरोध कर रहा था और उसने मेरे मस्तिष्क में एक तस्वीर दिखाई, एक लड़के की जिसे मैं जानता था, जिसे एक कार ने टक्कर मार दी थी, जिसने बोलने और संतुलन बनाने की क्षमता खो दी थी। अब उसका परिवार उसे व्हीलचेयर पर रखता है। उस क्षण, शैतान उसकी छवि मेरे मस्तिष्क में ला रहा था और कह रहा था, "आपकी बेटी का भी यही हाल होगा।"

उसे अस्पताल ले जाया गया और इस निदान के साथ भर्ती किया गया: बायाँ पैर टूटा हुआ, बाईं ह्युमिरस टूटी हुई, दाईं और बाईं हंसली टूटी हुई, स्प्लीन क्षतिग्रस्त, फेफड़े विकृत और सिर का स्तर 3 का ट्रोमा (स्तर 4 में मौत हो जाती है)।

जब हम इंटेंसिव केयर यूनिट में पहुँचे तो देखा कि हमारी बेटी को अनेक डिवाइसेस लगा दिए गए थे, वह एक मशीन से साँस ले रही थी और कोमा में थी।

दुर्घटना के तीन दिन बाद, 27 जुलाई को उसकी देखरेख करने वाले न्यूरोसर्जन ने हमें बुलाया और कहा, "मेरे पास अच्छी खबर नहीं है। उसकी स्थिति बदतर हो गई है। बीअत्रिज़ पर दवाओं का असर नहीं हो रहा है और उसे कार्नियल हाइपरटेंशन हो गया है। उसके मस्तिष्क में सूजन आ रही है, जिसकी वजह से मस्तिष्क में रक्त का संचार नहीं हो रहा है और अगले कुछ घंटों में बीअत्रिज़ के मस्तिष्क की मृत्यु हो सकती है।" डॉक्टर ने कहा, "मेरे पास एक अंतिम विकल्प है, वो यह है कि मैं सर्जरी करके बीअत्रिज़ की खोपड़ी के दोनों ओर से एक टुकड़ा निकाल दूँ ताकि उसके मस्तिष्क पर से दबाव कम किया जा सके, ताकि इसे फैलने के लिए जगह मिल सके। तथापि, इस बात की कोई गारंटी नहीं कि उसकी स्थिति में सुधार होगा अथवा वह सर्जरी को झेल पाएगी।"

हमने सर्जरी करने की अनुमति दे दी, क्योंकि हमें मालूम था कि अंतिम आदेश ईश्वर के हाथ में है। जब वे सर्जरी की तैयारी कर रहे थे तो उन्होंने हमें बीअत्रिज़ के साथ रहने को कहा ताकि हम उसे अपने अलविदा कह सकें। मेरी पत्नी ने प्रार्थना करनी शुरू कर दी और मैंने दूसरों को प्रार्थना करने के लिए बुलाया और उन्हें स्थिति के बारे में बताया। जब मेरी पत्नी प्रार्थना करते हुए बीअत्रिज़ के शरीर पर झुकी तो एक व्यक्ति उनके पास आया और बोला, "माता, मैं आपको सलाह दूँगा कि आप प्रार्थना करो कि वह बीअत्रिज़ को अपने साथ ले जाएँ, क्योंकि यदि वह बच भी गई तो वह बिस्तर पर ही पड़ी रहेगी।" कुछ घंटों बाद, यह जाने बिना कि क्या हुआ है मुझे मेरी साली की ओर से फोन पर संदेश आया जिसमें उसने बताया कि वह दोपहर में प्रार्थना कर रही थी और उसे एक आभास हुआ। उसने देखा कि मेरी पत्नी के पास एक दुष्ट-आत्मा आई और उसने उसे ठीक वही शब्द कहे।

सर्जरी लगभग पाँच घंटे तक चली। जब वे बीअत्रिज़ को इंटेंसिव केयर यूनिट लेकर आए तो उसका सिर पूरी तरह से बँधा हुआ और चेहरा बिगड़ा हुआ था। अब मैं केवल इंतजार कर सकता था। हमने ईश्वर से उसे ठीक करने के लिए प्रार्थना की लेकिन बुरी खबरें आती रहीं - उसे निमोनिया, अस्पताल का एक संक्रमण हो गया था।

बीअत्रिज़ के जन्मदिन (8 अगस्त) से एक दिन पहले वह उसकी दर्दनिवारक दवाएँ बंद करेगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वह कोमा से बाहर आ सकती है। मैंने पूछा, "आपके विचार से उसे जागने में कितना समय लगेगा?"



"यह पता लगाने का कोई निश्चित तरीका नहीं है," उसने कहा। "वह आज, कल, अगले सप्ताह, अगले साल जाग सकती है, लेकिन हो सकता है वह कभी भी न जागेगी," उसने बताया।

कुछ दिनों बाद, साँस लेने का कृत्रिम उपकरण हटा दिया गया था। हम खुश थे क्योंकि उसने जागना शुरू कर दिया था। हालाँकि, रात के समय बीअत्रिज़ ने साँस के साथ एक तरल ले लिया और उसे साँस लेने में कठिनाई होने लगी। उसे ठीक करने के लिए चिकित्सकों

का दल हर संभव प्रयास कर रहा था। हम लंच करने चले गए और जब वापिस आए और हमने अंदर जाने के लिए कहा तो हमें जाने से रोक दिया गया। मैंने दरवाजे से देखा कि पूरी टीम उसके बिस्तर के चारों ओर चिल्ला रही थी। हमने कई मिनट तक इंतजार किया और जब हमें अंदर जाने की अनुमति दी गई तो हमने देखा कि बीअत्रिज़ को एक बार फिर से साँस लेने की नलीका लगा दी गई थी। एक डॉक्टर ने कहा, "हमें श्वासनली का ऑपरेशन करना होगा और बीअत्रिज़ को नली के माध्यम से ऑक्सीजन दी जाएगी। अब वह अपने आप साँस नहीं ले पाएगी।" यह एक और बुरी खबर थी - यह प्रार्थना करने का एक और कारण था। कुछ दिनों बाद, बीअत्रिज़ कोमा से जाग गई और वह शफाखाना (इन्फर्मरी) में गई।

हम ईश्वर के सामने रोते और पूरा दिन व्रत रखते रहे। जब बीअत्रिज़ शफाखाना (इन्फर्मरी) में गई तो हमने कमरे को दिन के 24 घंटों के लिए प्रार्थना कक्ष में तबदील कर दिया। हम पूजा के गाने चला रहे थे। हमने हर घंटे प्रार्थना की। लोग बीअत्रिज़ को देखने आते थे, उसकी टाँग पर पलस्तर चढ़ा हुआ, लटका हुआ देखकर, मशीनों से साँस और खाना दिया जाता देखकर कहते, "इस जगह पर इतनी शांति कैसे हो सकती है?" कुल मिलाकर उसे अस्पताल में भर्ती हुए 53 दिन हो गए थे।

जब बीअत्रिज़ को अस्पताल से छुट्टी दी गई तो उसके स्वास्थ्य में सुधार के कोई लक्षण नहीं दिखाई दे रहे थे। हमने घर पर एक हॉस्पिटल बेड, एक शॉवर चेयर और एक व्हीलचेयर की व्यवस्था की। मेरी पत्नी एक फिजिकल थेरपिस्ट से बात कर रही थी और उसने पूछा, "डॉक्टर, आपके विचार से बीअत्रिज़ को चलने-फिरने लायक होने में कितना समय लगेगा?" डॉक्टर ने जवाब दिया, "मैं कई वर्षों से इस क्षेत्र में काम कर रहा हूँ, और चिकित्सा के किसी भी साहित्य में ऐसा नहीं देखा अथवा किसी से भी ऐसा नहीं सुना है कि जिसकी बीअत्रिज़ जैसी दुर्घटना हुई हो और वह जीवित बचा हो। हो सकता है वह किसी न किसी दिन बैसाखी अथवा वॉकर कि मदद से चलने में सक्षम हो जाए, लेकिन मेरे विचार से वह सामान्य रूप से अब कभी नहीं चल पाएगी।" लेकिन हमारी भावना ऐसी नहीं है कि वह ऐसी रहे। हम पूरी आस्था सहित और रोते हुए हर समय प्रभु से निरंतर प्रार्थना करते रहे। एक दिन हम उसे एक कम्युनिटी क्लिनिक में लेकर गए, क्योंकि हम उसे रेफर करवाना चाहते थे और मैंने डॉक्टर से कहा कि उसे रेफर किया जाना अत्यावश्यक है। डॉक्टर ने कहा कि वह बीअत्रिज़ को देखना चाहता है और जब मैं उसे अपनी बाहों में लेकर डॉक्टर के ऑफिस में पहुँचा तो डॉक्टर ने पूछा, "सर, आप इतनी जल्दी क्यों कर रहे हैं? बच्चे की स्थिति में क्या सुधार हो सकता है?"

बीअत्रिज़ की खोपड़ी की जहाँ से हड्डी निकाली गई थी वहाँ कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के लिए सर्जरी की जानी थी। इसके लिए हमें अनुमानत: (ब्राजीली रियल) $147,500.00 (लगभग 60,000.00 अमेरिकी डॉलर) खर्च करने थे। हमारे पास इतना धन नहीं था और हमने ईश्वर से प्रार्थना करनी शुरू कर दी। एक मित्र के माध्यम से ईश्वर से दिशा-निर्देश मिलने के बाद हमने धन जुटाने के लिए एक अभियान की शुरुआत की। एक बृहस्पतिवार को मुझे फोन आया। यह फोन एक महिला का था और उसने बीअत्रिज़ के बारे में प्रश्न पूछने शुरू कर दिए। उसने मुझसे पूछा कि मुझे अभी कितना धन और चाहिए, मैंने कहा (BRL) $57,000.00 ($23,000.00 USD)। उसने कहा कि वह देखेगी कि क्या वह हमारे लिए कुछ कर सकती है। अगले सोमवार को जब मैं बैंक से राशि निकालने गया, तो मैंने पाया कि हमें जितनी राशि की आवश्यकता थी उतनी राशि उस महिला ने जमा करा दी थी। 40 दिनों में हमने अपनी आवश्यकता के अनुसार पूरा धन जुटा लिया था। ऐसा ईश्वर की कृपा से हुआ!

23 दिसम्बर, 2011 को सर्जरी की गई। तब तक बीअत्रिज़ तकिए की मदद से स्वयं बैठ सकती थी और व्हीलचेयर में बैठ सकती थी।

27 दिसम्बर को मैं चर्च जाने से पहले बीअत्रिज़ को अलविदा कहने गया। मैंने उसका हाथ अपने हाथ में लिया और कहा कि मैं चर्च जा रहा हूँ। तब मैंने महसूस किया कि वह मेरा हाथ खींच रही थी। मैंने उसे मजबूती से पकड़ा और वह अचानक से उठ खड़ी हुई। मैं डर गया और मैं एक कदम पीछे हट गया, और उसी समय उसने एक और कदम आगे बढ़ाया और चलना शुरू कर दिया। ईश्वर विश्वसनीय है!

जैसे-जैसे दिन गुजरते गए, बीअत्रिज़ ने अपनी क्षमताओं को हासिल करना जारी रखा। उसने बोलना और लिखना शुरू कर दिया। मई, 2012 में उसने फिर से स्कूल जाना शुरू कर दिया।

आज, तीन साल बाद, वह अलौकिक चमत्कार का एक जीता जागता प्रमाण है, एक ऐसा प्रमाण जो यह सिद्ध करता है कि ईश्वर अपने वचन के प्रति सत्य है और जो भी लोग उसमें विश्वास करते हैं वह उनके पक्ष में कार्य करता है। आपके जीवन के लिए हमेशा मैं एक ही शब्द कहना चाहूँगा वह है, विश्वास करने वाले के लिए सब कुछ हो सकता है (मार्क 9:23)।

कुछ दिनों पहले, मेरी पत्नी एक फिजीकल थेरपिस्ट से मिली और डॉक्टर अपने एक छात्र से बीअत्रिज़ को मिलवा रहा था और कह रहा था, "यह एक चमत्कार है, यदि ईश्वर की मर्जी न होती तो आज यह यहाँ नहीं होती। दवा इसके लिए कुछ नहीं कर सकती थी।"

दवा कुछ नहीं कर सकती थी, लेकिन ईश्वर कर सकता था! वह आपके जीवन के लिए भी कार्य कर सकता है!

---

पास्टर इसाक रोबर्टो

इस टेस्टमनी को लंड्रिना में पूरी चर्च के साथ साझा किया गया है और यह हमारी आस्था को चुनौती देने के लिए ईश्वर की शक्ति का एक उदाहरण है। यूट्यूब पर चर्च में रिकार्ड की गई टेस्टमनी देखें: *http://www.youtube.com/watch?v=YHqbBk0A4nA*.

## क्यूबा

*(स्पेनी भाषा से अनुवादित)*

क्यूबा की ओर से नमस्कार,

हर किसी को प्रभु की शांति प्राप्त हो। प्रभु की कृपा से आज हमें दो और पैकेज मिले हैं।

ईश्वर के सभी सेवकों को हमारी ओर से धन्यवाद जिन्हें इस मिनिस्ट्री के माध्यम से पूरी दुनिया तक वचन को पहुँचाने का आशीर्वाद प्राप्त है। मेरी ओर से सभी को विशेष धन्यवाद।

ईश्वर आपका भला करें,
रेवरेंड मारेरो हवाना, क्यूबा

# एक मात्र मार्ग

*(पृष्ठ 4 से जारी )*

दें लेकिन मेरे हृदय में ऐसा प्रेम उभरने दें जो कभी पुराना न हो। शाश्वत जीवन का बीज प्राप्त करें। ये प्रार्थना करें:

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[18] मैं मानता हूँ कि यीशु ईश्वर के जीवित पुत्र हैं।[19] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मरे और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त पिछले सभी पापों को क्षमा करने के लिए बहाया।[20] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को प्रवित्र आत्मा की शक्ति द्वारा जीवित किया,[21] और वे मेरे पापों की स्वीकारोक्ति और इस प्रार्थना को सुनने के लिए ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[22] हे प्रभु यीशु मैं अपने दिल के दरवाजे खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[23] कैलवरी में क्रॉस पर आपने जो बहुमूल्य रक्त बहाया उससे मेरे सभी कुत्सित पाप धो डालो।[24] प्रभु यीशु आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके शब्द अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[25] आपके शब्द कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे और उनमें मैं भी शामिल हूँ।[26] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है और मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है, मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[27] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु आपका धन्यवाद, और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[28]**

उसके बाद बपतिस्मा हों, पिता और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में गोता लगाएँ।[29] बाइबल सोसाइटी आफ इंडिया द्वारा प्रकाशित पवित्र बाइबल (10W 0055/2004/17MPL) (अंग्रेजी किंग जेम्स संस्करण) का अध्ययन करें, और जो इसमें कहा गया है वही करें।[30]

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ (मरकुस 16:15)। आप पास्टर टोनी अलामो के गोस्पल साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम यह साहित्य आपके पास नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें कॉल करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को किसी और के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाया जाना चाहते हैं तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा है, "क्या कोई आदमी ईश्वर को लूट सकता है? फिर भी तुमने मुझे लूटा। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश ['दशमांश' का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक भोजन] हो सकता है [बचाई गई आत्माएँ], और मेजबानों के लार्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं आपके लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और आप पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि आपके पास इसे ग्रहण करने की जगह भी न होगी। मेजबानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं आपकी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, वह आपकी जमीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही आपकी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र आपको धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी जमीन खुशहाल होगी" (मलाकी 3:8-12)।

---

**18** भजन संहिताएँ 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **19** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, यूहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **20** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 यूहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 5:9 **21** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस 16:9, 12, 14, यूहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **22** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **23** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशित वाक्य 3:20 **24** इफिसियों 2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 यूहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 1:5, 7:14 **25** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों 1:7, कुलुस्सियों 1:14 **26** मत्ती 21:22, यूहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **27** इब्रानियों 11:6 **28** यूहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशित वाक्य 7:14, 22:14 **29** मत्ती 28:18-20, यूहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 **30** व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 टिमोथि 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशित वाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

**Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078**
**चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइन: (661) 252-5686 • Fax (661) 252-4362**
**www.alamoministries.com • info@alamoministries.com**

*टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं।*

**सेवाएँ प्रत्येक मंगलवार न्यू यॉर्क सिटी में सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर रात में आयोजित होती हैं।**

**जानकारी के लिए कृपया (908) 937-5723 पर फोन करें। प्रत्येक सेवा के पश्चात् भोजन परोसा जाता है।**

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© November 2014 सभी अधिकार पास्टर टोनी अलामो के पास सुरक्षित हैं ® November 2014

HINDI—*Volume 20500—The Only Way Out*